# फर्डिनेंड और लुटेरे

मनरो लीफ
पर आधारित

# फर्डिनेंड और लुटेरे

मनरो लीफ
पर आधारित

फर्डिनेंड एक बेहद शक्तिशाली युवा बैल था जो स्पेन में रहता था.

वो बहुत शांत और विनम्र था. वो अन्य युवा बैलों की तरह लड़ना नहीं चाहता था.

उसे बस अपने पसंदीदा कॉर्क के पेड़ के नीचे चुपचाप बैठना और फूलों की सुगंध सूंघना पसंद था.

एक दिन फर्डिनेंड गलती
से एक ततैया पर बैठ गया.

ततैया के उसे तेज़ डंक मारा.
उससे फर्डिनेंड एक रॉकेट जैसे दौड़ा!

उसने बाकी अन्य युवा सांडों को अपने बहुत पीछे छोड़ दिया.

बैलों की लड़ाई के कुछ चयनकर्ताओं ने फर्डिनेंड को बहुत तेज़ी से दौड़ते हुए देखा.

उन्हें फर्डिनेंड बाकी सभी बैलों में सबसे ताकतवर और सबसे भयंकर बैल लगा.

इसलिए, वे फर्डिनेंड को चुनकर मैड्रिड में बैलों की लड़ाई के लिए ले गए.

लेकिन फर्डिनेंड वहां जाकर लड़ा नहीं.

कुछ लोगों ने अखाड़े में फूलों के गुलदस्ते उछाले थे.

फर्डिनेंड ज़मीन पर चुपचाप बैठ गया और गुलदस्ते के फूलों को सूंघने लगा.

मेटाडोर को यह देखकर बेहद गुस्सा आया.

उसने अपने पैर ज़मीन पर पटके.

उसने बहुत डराया-धमकाया.

अंत में वो रोया और चिल्लाया.

उसने बड़ी याचना की. लेकिन फर्डिनेंड टस-से-मस नहीं हुआ.

फर्डिनेंड को अपमानित होकर लड़ाई का अखाड़ा छोड़ना पड़ा.

फर्डिनेंड वापस अपने फार्म पर लौट आया. वो फिर से घर पर आकर बड़ा खुश था.

किसान के बच्चे फर्डिनेंड को देखकर बड़े खुश हुए.

बच्चों ने फर्डिनेंड के लिए फूलों का एक खूबसूरत बगीचा बनाया.

उन्होंने फर्डिनेंड के पसंदीदा कॉर्क के पेड़ जैसे ही वहां फूल लगाए.

हर दोपहर फर्डिनेंड पास-पड़ोस के बच्चों को सैर-सपाटे के लिए ले जाता था.

फर्डिनेंड ने एक बार में चौदह बच्चों को अपनी पीठ पर बिठाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया.

फर्डिनेंड फार्म पर भी काम करता था. सुबह के समय वो खेत में अपने मालिक एंटोनियो की जुताई में मदद करता था.

फर्डिनेंड इतना शक्तिशाली था कि वो एक साथ दो हलों को खींच सकता था.

कभी-कभी वो पथरीली ज़मीन को साफ करने में भी मदद करता था.

वह अपने सींगों से बड़ी-बड़ी चट्टानें उठा सकता था और उन्हें उछालकर पत्थर की एक साफ-सुथरी दीवार बना सकता था.

हर शाम को फर्डिनेंड चुपचाप अपने पसंदीदा कॉर्क के पेड़ के नीचे बैठता था. वहां वो फूलों की भीनी-भीनी खुशबू सूंघता था.

रविवार को मालिक अपने परिवार के साथ चर्च जाता था. तब फर्डिनेंड बगीचे में ही रहता था.

वो बहुत सावधान रहता था और गलती से कभी भी फूलों पर अपना पैर नहीं रखता था.

एक रविवार जब परिवार चर्च गया तब दो लुटेरे आए.

वे लुटेरे कई हफ्तों से पड़ोस में चोरी कर रहे थे.

"देखो! वहाँ एक बड़ा बैल है!" मोटे लुटेरे ने कहा.

"वो केवल फर्डिनेंड है," ऊंचे डाकू ने कहा.

"फर्डिनेंड, लड़ने से इनकार करने के लिए प्रसिद्ध है. तुम उसकी बिल्कुल चिंता मत करो."

लुटेरे फर्डिनेंड के पास से गुज़रे.

फर्डिनेंड ने उन्हें बिल्कुल परेशान नहीं किया.

उसने लुटेरों को सिर्फ एक दोस्ताना मुस्कान दी.

लुटेरों ने अपनी वैगन को किसान की
बेहतरीन और महंगी चीजों से ऊपर तक भरा.

फिर लुटेरों को जाने की जल्दी हुई.

लुटेरों ने एक शार्टकट लेने का फैसला किया.

वे तेज़ी से फर्डिनेंड के बगीचे को रौंदते हुए आगे बढ़े!

फर्डिनेंड ने उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की.

लेकिन लुटेरे उस पर सिर्फ हंसे.

वैगन तेज गति से बगीचे में से होकर गुजरी.

फूलों का बगीचा पूरी तरह से तबाह हो गया!

फिर फर्डिनेंड को ज़बरदस्त गुस्सा आया!

वो ज़ोर से दहाड़ा. उसने जमीन को अपने खुरों से पीटा.

फिर वो लुटेरों के पीछे दौड़ा!

लुटेरों ने फार्म छोड़ दिया और उन्होंने सही समय पर गेट को पटककर बंद कर दिया!

फर्डिनेंड लोहे के बड़े गेट से जाकर टकराया.

उससे फर्डिनेंड को बड़ी ज़ोर का धक्का लगा.

चर्च से घर वापिस जाते समय किसान के परिवार ने लुटेरों को देखा.

किसान की पत्नी ने लुटेरों की वैगन में अपने मोमबत्ती लगाने वाले स्टैंड को देखा!

फिर एंटोनियो ने अपनी गाड़ी घुमाई और लुटेरों का पीछा किया.

एंटोनियो ने लुटेरों को पकड़ लिया.

उसने लुटेरों से रुकने के लिए कहा.

तभी एक लुटेरे ने अपनी बड़ी पिस्तौल निकाली.

"घोड़े की लगाम गिराओ और अपने हाथ हवा में ऊपर उठाओ," उस लुटेरे ने आदेश दिया.

"हमारा पीछा करने की कोशिश मत करो."

फर्डिनेंड अभी भी लुटेरों पर बेहद गुस्सा था.

उसे फार्म से बाहर निकलने का एक अन्य रास्ता पता था.

वह खेतों में से दौड़ा ....

और उसने एक पुराने लकड़ी के गेट को तोड़ डाला!

जैसे ही लुटेरे चले गए, किसान के बेटे को दूर एक धूल का बादल दिखाई दिया.

बादल खेतों में से आ रहा था.

वो धूल एक चक्रवात की तरह लग रही थी - लेकिन वो वास्तव में फर्डिनेंड था!

फर्डिनेंड ने लुटेरों की वैगन को पीछे से एक रेल के भारी इंजन जैसे मारा.

लुटेरों की वैगन के टुकड़े-टुकड़े हो गए!

लुटेरों ने पेड़ की ओर भागे लेकिन फर्डिनेंड ने लुटेरों का पीछा किया.

लुटेरे बचने के लिए पेड़ पर चढ़ गए. लेकिन पुलिस के आने तक फर्डिनेंड ने पेड़ के नीचे पहरा दिया.

अंत में पुलिस लुटेरों को गिरफ्तार करके ले गई.

फर्डिनेंड एक हीरो था!

नगरवासियों ने उसके सम्मान के एक परेड आयोजित की.

क्योंकि अब शहर के लोग लुटेरों से मुक्त हो गए थे.